# युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए क्लब करेगा विशेष प्रयास: दीपा पांडे

**लेक सिटी क्लब**

**8 लेक सिटी वेलफ़ेयर क्लब पूर्व की तरह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करेगा।**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति ढोंढियाल ने कहा कि लेक सिटी वेलफेयर क्लब पूर्व की तरह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार क्लब भिटौली, जन्माष्टमी महोत्सव, मेरी माटी मेरा देश आदि कार्यक्रम कर युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने के विशेष प्रयास करेगा।
लेक सिटी नैनीताल की महिलाओं के सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन लेक सिटी वेलफेयर क्लब के वार्षिक चुनाव में जीत के बाद क्लब की नयी अध्यक्ष ज्योति ढोंढियाल और नयी सचिव दीपा पांडे ने उक्त विचार व्यक्त किए।
चुनाव अधिकारी रानी साह और सह चुनाव अधिकारी सरिता त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुए चुनाव में ज्योति और दीपा को अगले एक वर्ष के लिए बड़ी जिम्मेदारी मिली है।
क्लब की संस्थापक ऋतु डालाकोटी ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। इनके अलावा कविता त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष, अमिता साह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सीमा सेठ को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, तनु सिंह को उप सचिव, प्रगति जैन को सांस्कृतिक सचिव, खष्टी बिष्ट को मीडिया प्रभारी और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कविता गंगोला, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, डॉ. पल्लवी गहतोड़ी को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन सरिता त्रिपाठी ने किया।
इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मंजू बिष्ट, विनीता पांडे, गीता साह, आभा साह, तुसी साह, लीला जोशी, मधुमिता, डॉली वर्मा, तारा चौधरी, रमा तिवारी, रेखा त्रिवेदी, सविता कुलौरा और तनप्रीत आदि भी उपस्थित रहीं।

# हरिद्वार में 20 से 27 मार्च तक होंगे नामांकन

**निर्वाचन-2024**

**8 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च, नाम वापसी अन्तिम तिथि 30 मार्च होगी**




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 घोषणा के अनुसार 20 से 27 मार्च तक नामांकन होंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च, नाम वापसी अन्तिम तिथि 30 मार्च होगी।
उन्होंने बताया कि मतदान 19 अप्रैल शुक्रवार होगा तथा मतगणना 04 जून को होगी।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त आयोग ने आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक एवं डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई से जारी स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, केन्द्र राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रमों और सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियों के द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किये गये अधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की जारी विशिष्ट द्विव्यांगता फोटो पहचान पत्र (यूडीआईडी) से भी मतदान किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### गौ तस्करों से मुठभेड़ में सिपाही घायल, तस्कर को भी लगी गोली

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गौ तस्करों का पीछा कर रही पुलिस टीम पर तस्करों ने हमला बोल दिया। हमले में एक सिपाही को चाकू लगा है। जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर को भी पैर में गोली लगी है। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन गौ तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो तस्कर फरार हैं।
बीती रात गंगनहर पुलिस को सूचना मिली कि सोहलपुर गाढ़ा गांव स्थित एक खेत में कुछ लोग गौकशी कर रहे हैं। वहां पुलिस टीम के पहुंचते ही तस्करों ने पुलिस कर्मियों पर फायर कर दिया। किसी तरह हमले में पुलिस कर्मी बच गए, लेकिन तभी तस्कर धारदार हथियार लेकर पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया, जिसमें सिपाही सुनील सैनी की छाती पर चाकू लग गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई, जिसमें एक तस्कर जुल्फान ऊर्फ मोटा पुत्र निसार के पैर में गोली लगी। जबकि दो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने दोनों घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने जुल्काम पुत्र निसार, फरमान पुत्र निसार और इसरार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह का कहना है कि गौकशी की सूचना पर गई टीम पर हमला हुआ है। इसमें सिपाही घायल हुआ है वहीं एक तस्कर की भी गोली लगी है। घायल सिपाही की हालत अब ठीक बताई जा रही है। दो अभियुक्त अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बलौदाबाजार : शासकीय गेस्ट हाउस व भवन में नहीं कर सकेंगे राजनैतिक गतिविधियां

**बलौदाबाजार/टीम एक्शन इंडिया**
भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों के लिए विभिन्न राज्य गेस्ट हाउस, भवन और राज्य सदन के उपयोग हेतु निर्देश दिये हैं। इनमें पार्टी मीटिंग एवं प्रेस कांफ्रेंस भी शामिल है।
आयोग ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने संबंधी प्रावधानों तथा अन्य शामिल सभी मुद्दों पर विचार करते हुए विभिन्न आवश्यक निर्देश दिये हैं। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान द्वारा जारी निर्देशानुसार सरकारी स्वामित्व वाले गेस्टहाउस इत्यादि के परिसर के अंदर राजनीतिक दलों के सदस्यों द्वारा बैठक की अनुमति नहीं है और इसके किसी भी उल्लंघन को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। रेस्ट हाउस में आबंटित व्यक्ति को ले जाने वाला वाहन और व्यक्ति द्वारा उपयोग किए जाने वाले दो से अधिक वाहनों को गेस्ट हाउस के परिसर के अंदर अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को 48 घंटे से अधिक अवधि के लिए रेस्ट हाउस के कमरों को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।
हालांकि, किसी विशेष क्षेत्र में मतदान के करीब 48 घंटे पहले, मतदान या पुनः मतदान पूरा होने तक इस तरह के आबंटन स्थिर रहेंगे। जिन्हें राज्य द्वारा पैमाने पर या उससे ऊपर या समकक्ष आधार पर अपने राज्य के प्रावधानों के तहत समकक्ष आधार पर राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह इस शर्त के अधीन होगा कि इस तरह के आवास को पहले से ही चुनाव से संबंधित अधिकारियों या प्रेक्षकों को आबंटित या कब्जा नहीं किया गया है। ऐसे अतिथि सरकारी गेस्ट या रेस्ट हाउस में रहते हुए कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं करेंगे।

### अपर सचिव हरक सिंह पंचतत्व में विलीन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अपर सचिव उत्तराखंड शासन हरक सिंह रावत की अंत्येष्टि आज खड़खड़ी श्मशान घाट पर हुई।
श्मशान घाट पहुंचकर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, पूर्व गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार सहित उत्तराखंड शासन के विभिन्न पीसीएस, आईएएस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। रावत की चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र राहुल रावत ने दी।
गौरतलब है कि रावत हरिद्वार जनपद में भी विभिन्न पदों पर तैनात रह चुके हैं। रावत लंबे अरसे से अस्वस्थ चल रहे थे।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीती मध्य रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्धावस्था में सड़क पर घूम रहे एक शख्स को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए शख्स के पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपित शख्स का आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया गया है।
पुलिस के मुताबिक बीते शनिवार रात गश्त के दौरान ज्वालापुर कोतवाली पुलिस के चेतक सिपाहियों ने संदिग्धावस्था में सड़क पर घूम रहे एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। युवक के पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपित के गलत इरादे जान पुलिसकर्मी उसे दबोचकर थाने ले आए।

# मतदाता घबराएं नहीं, आईडी कार्ड नहीं फिर भी डाल सकेंगे वोट, 12 हैं विकल्प

**लोकसभा चुनाव**

**8 उत्तराखंड में प्रथम चरण में 19 अप्रैल लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। यहां कुल पांच लोकसभा सीट है।**


कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

**देहरादून**
कई लोग ऐसे होंगे जिनका नाम तो वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है। चुनाव आयोग ने बगैर वोटर आईडी कार्ड के भी वोट डालने का विकल्प दिया है। 12 विकल्प में से किसी एक आईडी के आधार पर वोट डाल सकेंगे।
उत्तराखंड में प्रथम चरण में 19 अप्रैल लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। यहां कुल पांच लोकसभा सीट है। चुनाव में ईवीएम और वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा। मतदान के लिए राज्य में कुल 11 हजार 729 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के 83,71,207 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ऐसे में कुछ लोगों का सवाल होगा कि बगैर वोटर आईडी के वोट कैसे डालेंगे? ऐसी स्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है।
चुनाव आयोग ने बगैर वोटर आईडी कार्ड के भी वोट डालने का विकल्प दिया है। ऐसे सभी नागरिक वोट डाल सकेंगे जिनका नाम वोटर लिस्ट में होगा।
वोटर लिस्ट में नाम होने पर आप बगैर वोटर आईडी कार्ड के भी वोट डाल सकेंगे। हालांकि, इसके लिए चुनाव आयोग की तरफ से निर्धारित 12 तरह के दस्तावेजों में से किसी एक का आपके पास होना अनिवार्य है।

**ये हैं 12 विकल्प, बस एक दस्तावेज अनिवार्य-**
मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, केंद्र एवं राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों और सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद-विधायक, एमएलसी की ओर से जारी आधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी विशिष्ट दिव्यांगता फोटो पहचान पत्र (यूडीआईडी)। इन सभी में से कोई एक पहचान पत्र दिखाने पर आप वोट दे सकेंगे।

# पूर्व विधायक धन सिंह ने छोड़ा कांग्रेस का साथ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। टिहरी से पूर्व विधायक धन सिंह नेगी ने रविवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। इसके पीछे उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। ये वहीं धन सिंह हैं जो 2022 के विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने के कारण भाजपा से नाराज होकर कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस के टिकट पर टिहरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे।
उत्तराखंड कांग्रेस में इस्तीफों का दौर खत्म ही नहीं हो रहा है। तीन दिन में कई बड़े नेताओं के इस्तीफे से पार्टी में हड़कंप मचा हुआ है। इससे पहले बद्रीनाथ से कांग्रेस विधायक राजेंद्र नेगी भी इस्तीफा दे चुके हैं।बीते शुक्रवार को गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण और पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। फिर शनिवार को पार्टी का चर्चित चेहरा माने जाने वाली नेता कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसांई ने इस्तीफा दे दिया। पौड़ी से कांग्रेस के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केसर सिंह नेगी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया तो वहीं विकास खंड कोट के पूर्व प्रमुख व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवल किशोर ने भी कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया।



## स्मार्ट बैरक में पुलिसकर्मियों को मिलेगी सभी सुविधाएं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र ने क्लेमेनटाउन थाने के स्मार्ट बैरक का उद्घाटन किया। स्मार्ट बैरक में प्रत्येक पुलिसकर्मी के लिए स्टोरेज बेड, अलमारी, व्यक्तिगत सेल्फ की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने जवानों के हित में कई निर्णय लिए हैं।
उनकी पहल से अन्य थानों की बैरिकों में भी अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक सुविधायें देना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# होली को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस की मीटिंग, हुड़दंग करने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल कराने और होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस सतर्क हो गई है। पथरी पुलिस ने सीएलजी मेंबर्स के साथ गोष्ठी कर होली के त्योहार पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की। पुलिस ने होली पर सामाजिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने पर जोर दिया और आगामी लोकसभा चुनाव को शहर कुशल कराने पर भी चर्चा की।
पुलिस क्षेत्र अधिकारी निहारिका सेमवाल के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव और आगामी होली के त्योहार पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत रविवार को प्रभारी निरीक्षक सीएलजी मेम्बर्स के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।
गोष्ठी में होली के त्योहार को सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण ढंग से करवाने को चर्चा-परिचर्चा की गयी। एसएचओ पथरी रविंद्र कुमार ने कहा कि होली आपसी भाईचारे व खुशियों के रंगों का त्योहार है। सभी लोग त्योहार को खूब धमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनायें। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखें। हद करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोई अप्रिय घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके साथ ही ऐसा कर रविंद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए देश में आचार संहिता लागू हो गई है सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को से कुशल संपन्न कराने में सहयोग करेंगे।
इस दौरान श्याम सुन्दर चौहान, पाल सिंह चौहान, अमित कुमार लाखन सिंह प्रधान प्रतिनिधि पदार्था, अनिल सैनी ग्राम प्रधान चादपुर,सचिन कुमार ग्राम प्रधान कटारपुर ललित खरे ग्राम धनपुरा, आशीष कुमार, प्रधान प्रतिनिधि साजिद अली ग्राम नसीरपुर कला प्रधान जाफीर अली ग्राम बादशाहपुर, मुतसफा अंसारी, गुल सरोवर आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा पूजन और आशीर्वाद लेकर त्रिवेन्द्र ने फूंका चुनावी बिगुल

**आम चुनाव**

**8 हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह दिल्ली से लौटने के बाद से ही चुनावी एक्शन में हैं।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आचार संहिता लागू होने के साथ समूचे देश में लोकसभा चुनाव को शंखनाद हो चुका है। सभी दल चुनावी समर में कूद चुके हैं। कुछ दल इसमें आगे हैं तो कुछ तैयारियों में पीछे चल रहे हैं। उत्तराखण्ड के हरिद्वार की करें तो यहां से त्रिवेन्द्र सिंह रावत पर भाजपा ने अपना दांव आजमाया है, जबकि कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी की घोषणा तक नहीं कर पाई है। नामांकन की 27 मार्च अंतिम तिथि है।
हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह दिल्ली से लौटने के बाद से ही चुनावी एक्शन में हैं। आज उन्होंने हरिद्वार में मां गंगा की पूजा अर्चना कर चुनाव का बिगुल फूंका और जीत की कामना की।गंगा पूजन के साथ चुनावी अभियान की शुरूआत करने के बाद त्रिवेंद्र सिंह रावत हरिद्वार की अधिष्ठात्री महामाया देवी मंदिर पहुंचे और यहां त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जूना अखाड़े से जुड़े साधु संतों के साथ हवन में प्रतिभाग करने के साथ ही उन्होंने मां माया देवी के दर्शन किए। हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पतंजलि योगपीठ पहुंचकर आचार्य बालकिशन से भी मुलाकात की। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी से भी त्रिवेंद्र ने आशीर्वाद लिया।इसके बाद रावत भगवान शिव की ससुराल कनखल पहुंचे और यहां उन्होंने भगवान दक्षेश्वर का अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविन्द्र पुरी के सानिध्य में अभिषेक किया। इस मौके पर त्रिवेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे यहां कोई भी शुभ कार्य मां गंगा के स्मरण के साथ ही करते हैं। यहां पर मां गंगा साक्षात मां गंगा है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार संतों की नगरी है, इसलिए वे संतों का आशीर्वाद लेने जाएंगे।
संतों से मुलाकात पर उन्होंने कहा साधु संतों का आशीर्वाद शुरू से ही भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहा है। इसीलिए आज मां गंगा की पूजा अर्चना करने के बाद सबसे पहले साधु संतों का आशीर्वाद लेने का कार्य किया। जिन्हें साधु संतों का आशीर्वाद मिल जाता है उनकी सुनिश्चित होती है। मुझे विश्वास है कि साधु-संतों का आशीर्वाद जिस तरह से पहले मिलता रहा है, इस बार भी साधु-संत अपना आशीर्वाद देंगे।

# गोर्खा सम्मेलन में सामाजिक पृष्ठभूमि पर चर्चा, समुदाय के उत्थान की भरी हुंकार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
गोर्खा प्रकोष्ठ भाजपा की ओर से लार्ड वेंकटेश्वर वेडिंग प्वाइंट देहरादून में गोर्खा समुदाय की सम-सामयिक विषयों पर गोर्खा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें समुदाय की सामाजिक और राजनैतिक पृष्ठभूमि पर चर्चा हुई। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चार सूत्री मांग पत्र भेजा।
वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में निवासरत गोखार्ली समाज की संख्या लगभग 12 लाख से अधिक है। अधिकतर गोर्खा भारतीय सेना में अपनी वीरता और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। राजनैतिक परिवेश में गोर्खा समुदाय का ज्यादा अनुभव नहीं है। कई वक्ताओं ने इस विषय पर अपने विचार रखे। इससे पहले मुख्य अतिथि गोर्खा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व संयोजक अभिषेक शाही, सह संयोजक कै. दिनेश प्रधान, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शाह, कर्नल माया गुरूंग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
मुख्य वक्ता गोखार्ली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने गोखार्ली समाज की समस्याओं एवं राजनैतिक स्थिति से विस्तार से अवगत कराया। समुदाय के उत्थान एवं प्रगति के लिए कुछ बिंदुओं को भी रखा। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से गोर्खा कल्याण परिषद के गठन की मांग की, ताकि समाज की समस्याओं को रखने में प्रतिनिधित्व तय हो।



# लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड पुलिस ने कसी कमर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देश में आम चुनाव का बिगुल बज चुका है। उत्तराखंड में भी चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। प्रदेश में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने भी कमर कस ली है।



एडीजी एलओ एपी अंशुमन के अनुसार 10 हजार पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। 20 कंपनी सीएपीएफ मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि 40 से 42 हजार पुलिसकर्मी चुनाव में ड्यूटी करेंगे। 115 कंपनी सीएपीएफ और राज्य की 22 आर्म्ड कंपनी होगी। सीमावर्ती जिलों के पुलिस कप्तानों से समन्वय के लिए 20 बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा। 30 ऐसी सीमावर्ती लोकेशन हैं, जहां पुलिस ड्रोन से भी निगरानी करेगी। 93 बैरियर पर सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं।

# बद्रीनाथ के विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र भंडारी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस को झटके पे पर झटके लग रहे हैं, जहां कई पूर्व विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रविवार को बद्रीनाथ के विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे गए एक पंक्ति के पत्र में राजेंद्र भंडारी ने लिखा है कि अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड, अध्यक्ष जी मैं कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। इस एक पंक्ति के पत्र ने कांग्रेस में हलचल मचा दी है। संसदीय चुनाव से पहले हजारों की संख्या में कांग्रेसजन भाजपा में शामिल हुए हैं। इनमें राजेंद्र भंडारी जो वर्तमान विधायक हैं, उनके भी भाजपा में जाने की चचाएं हैं। इससे पहले आधा दर्जन विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका पंचायत अध्यक्ष जैसे विभिन्न जन प्रतिनिधियों के रूप में कार्य कर रहे कांग्रेसजनों ने उत्तराखंड कांग्रेस से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इससे पहले डॉ. हरक सिंह की बहू अनुकृति गुसांई ने भी कांग्रेस से त्याग पत्र दिया है, जो कांग्रेस से मची भगदड़ का प्रतीक है।



# अश्विन ने दिया अजीब बयान, बोले- कल मैं भले ही जीवित ना रहूं, लेकिन मेरी आत्मा इसी जगह घूमेगी

नई दिल्ली.एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन आईपीएल में लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले हैं, जबकि चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम से उनका प्यार अलग लेवल का है। वे तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन यानी टीएनसीए के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और इस राज्य की ज्यादातर क्रिकेट इसी मैदान पर होती है। यहां तक कि तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की टी20 लीग भी इसी स्टेडियम में खेली जाती है और अश्विन जब भी नेशनल ड्यूटी से फ्री होते हैं तो वे अपने राज्य के लिए हर तरह की क्रिकेट खेलते नजर आते हैं।

इसी संघ ने अश्विन को 500 टेस्ट विकेट और 100 टेस्ट पूरे करने पर सम्मानित किया तो उन्होंने कहा कि मेरे मरने के बाद मेरी आत्मा यहां घूमेगी। तमिलनाडु और उसकी क्लब क्रिकेट के प्रति अश्विन की प्रतिबद्धता ऐसी है कि आज तक वह राष्ट्रीय ड्यूटी पर नहीं होने पर भी घरेलू आयोजनों के लिए खुद को उपलब्ध रखते हैं। उन्होंने कहा, इस जगह ने मुझे इतना कुछ दिया है कि मैं बार-बार यहां आना चाहता हूं। लोग पूछते रहते हैं कि आप वापस क्यों जाना चाहते हैं? अश्विन ने आगे कहा, कल मैं भले ही जीवित न रहूं, लेकिन मेरी आत्मा इसी जगह पर घूम रही होगी। मेरे लिए इस जगह का यही मतलब है।

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम को लेकर अश्विन ने कहा, मैं आम तौर पर यह व्यक्त करने के लिए शब्दों की तलाश नहीं करता कि मैं कैसा महसूस करता हूं। मैं यहां आकर वास्तव में विनम्र और आभारी रहता हूं। अश्विन ने आगे अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ को लेकर कहा, अनिल भाई और राहुल (द्रविड़) भाई ने संक्षेप में कहा कि मुझसे बहस में जीतना बहुत कठिन है। यह सच है, क्योंकि मेरा मानना है कि तर्क उत्कृष्टता के सबसे महान मार्गों में से एक है। वाद-विवाद कभी भी व्यक्ति के साथ नहीं होता। यह हमेशा सच्ची सीख के साथ होता है जो इसके अंत में आती है।

## 18 मार्च से मिलेंगे चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर मैच के ऑनलाइन टिकट, जानिए कितना महंगा है टिकट

नई दिल्ली.एजेंसी

आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। इस मैच के लिए ऑनलाइन टिकट सोमवार (18 मार्च) से शुरू होगा। एमएस धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स टीम 22 मार्च (शुक्रवार) को अपने पहले मुकाबले में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सामना करेगी। चेन्नई सुपर किंग्स ने टिकटों की बिक्री पर एक ऑनलाइन एडवाइजरी जारी की है।चेन्नई सुपर किंग्स के बयान के मुताबिक ऑनलाइट टिकट की प्रक्रिया 18 मार्च को सुबह 930 बजे पेटीएम और इनसाइडर.इन के माध्यम से शुरू होगी। चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मुकाबले की ऑनलाइन टिकट का सबसे कम प्राइस 1700 रुपये हैं, जबकि सबसे महंगा टिकट 7500 का है। ऑनलाइन टिकट खरीदने पर एक व्यक्ति को सिर्फ दो टिकट मिलेंगे। पहले मैच में एंट्री गेट शाम 430 पर खुलेगा। बाहर से खाने की चीज अंदर नहीं ले जा सकेंगे और पानी पीने की व्यवस्था हर स्टैंड में मौजूद रहेगी।



रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली अभी तक टीम कैंप से नहीं जुड़े हैं। हालांकि फैंस को उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। सीएसके ने 2022 में रविंद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी लेकिन लगातार हार के बाद उन्होंने बीच में कप्तानी छोड़ दी और धोनी फिर कप्तान बने। उसके बाद से धोनी ही कप्तान हैं और उन्होंने 2023 में सीएसके को पांचवां खिताब दिलाया।

# आयरलैंड के खिलाड़ी ने रचा इतिहास, विराट कोहली-रोहित शर्मा और बाबर आजम से पहले T20I में किया ये कमाल

नई दिल्ली.आयरलैंड T20I टीम के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में इतिहास रच दिया है। वह T20I क्रिकेट में 400 चौके मारने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। जी हां, उनसे पहले यह कारनामा कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और बाबर आजम जैसे दिग्गज भी इस लिस्ट में उनसे पीछे है। पॉल स्टर्लिंग यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ पहले T20I के दौरान हासिल की। स्टर्लिंग ने इस मैच में 2 चौकों और 1 छक्के की मदद से 25 रनों की पारी खेली थी। इन दो चौकों के साथ उनके नाम T20I क्रिकेट में 401 के चौके हो गए हैं।



बात विराट कोहली, रोहित शर्मा और बाबर आजम जैसे दिग्गजों की करें तो, T20I में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले टॉप-5 में ये तीनों खिलाड़ी हैं। बाबर आजम 395 चौकों के साथ इस सूची में दूसरे पायदान पर है, वहीं विराट कोहली 361 चौकों के साथ तीसरे और रोहित शर्मा 359 चौकों के साथ चौथे पायदान पर हैं। इस लिस्ट में पांचवे और आखिरी नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर हैं जिन्होंने अपने T20I करियर में 320 चौके लगाए थे।न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच दो और ऐसे इंटरनेशनल क्रिकेटर हैं जिनका नाम उन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल है जो इस फॉर्मेट में 300 से अधिक चौके लगा चुके हैं। इन दोनों के नाम T20I में 309 चौके हैं।

बात आयरलैंड वर्सेस अफगानिस्तान पहले T20I की बात करें तो, आइरिश टीम ने इस मैच में अफगानियों को 38 रनों से धूल चटाई। आयरलैंड की यह अफगानिस्तान पर कुल 7वीं जीत है।इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए आइरिश टीम ने 149 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की पूरी टीम 111 रनों पर ही ढेर हो गई थी। अफगानिस्तान के लिए इस दौरान कोई भी बल्लेबाज 40 रन का आंकड़ा तक नहीं छू पाया। विकेट कीपर मोहम्मद इशाक ने 32 रनों की सर्वाधिक पारी खेली। वहीं बेंजामिन व्हाइट ने 4 विकेट चटकाकर आयरलैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनको इस परफॉर्मेंस के चलते प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

## मुंबई इंडियंस को लगा बड़ा झटका, IPL 2024 के पहले कुछ मैच मिस करेगा ये तेज गेंदबाज

नई दिल्ली.एजेंसी आईपीएल 2024 से ठीक पहले मुंबई इंडियंस को एक बड़ा झटका है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 की शुरुआत में एक तेज गेंदबाज का साथ नहीं मिलेगा। ये तेज गेंदबाज कोई और नहीं, बल्कि आईपीएल 2024 ऑक्शन में 4.6 करोड़ रुपये में खरीदे गए श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका हैं।

बाएं हाथ के इस पेसर को बांग्लादेश के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले से बाहर होना पड़ा है। दिलशान मधुशंका हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण तीसरे वनडे इंटरनेशनल मैच से बाहर हो गए है। इसी के साथ इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि वे आईपीएल 2024 के पहले कुछ मैच मिस कर सकते हैं।

हैमस्ट्रिंग इंजरी को ठीक होने में कम से कम 2 से तीन सप्ताह का समय लग जाता है। यही कारण है कि मुंबई इंडियंस के लिए ये बड़ा झटका है। मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला इस सीजन में रविवार 24 मार्च को और दूसरा मुकाबला 27 मार्च को है।

# PCB का ऐलान, फरवरी में पाकिस्तान में खेली जाएगी ICC चैंपियंस ट्रॉफी; क्या भारत है तैयार?

नई दिल्ली.एजेंसी

PCB ने ऐलान किया है कि फरवरी 2025 में पाकिस्तान में ICC चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होगा, लेकिन क्या BCCI वहां अपनी टीम भेजने के लिए तैयार है? ये एक बड़ा सवाल सभी के सामने है।

पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसक खुश हो सकते हैं, क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पुष्टि की है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी 2025 में पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। हालांकि, अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं।

इसके अलावा इस टूर्नामेंट को शिफ्ट किए जाने या फिर हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित किए जाने पर भी विचार संभव है। पीसीबी के नए चेयरमैन मोहसिन नकवी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया है कि चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में आयोजित होगी। उन्होंने लिखा, ःमैंने दुबई में आईसीसी मीटिंग में भाग लिया। इंशाअल्लाह चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी 2025 में पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी।



पीसीबी चेयरमैन का ये ऐला उन तमाम अफवाहों को फिलहाल समाप्त करता हुआ नजर आ रहा है, जिसमें कहा जा रहा था कि टूर्नामेंट को कहीं और आयोजित करना पड़ सकता है।

## IPL 2024 के आयोजन को लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह का बड़ा ऐलान, बोले- भारत में...



नई दिल्ली.एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इस साल देश में होने वाले लोकसभा चुनावों के चलते आईपीएल 2024 के आधे शेड्यूल का ही ऐलान किया है। बीसीसीआई की नजरें लोकसभा चुनावों की तारीखों के अनाउंसमेंट पर थी, ताकि वह देश में ही आईपीएल के 17वें सीजन का आयोजन कर सके। हालांकि इस बीच कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थी जिसमें कहा गया था कि आईपीएल 2024 के आधे सीजन का आयोजन यूएई में हो सकता है, मगर जैसे ही शनिवार 17 मार्च को लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हुआ तो बीसीसीआई ने इन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। जय शाह ने यह कन्फर्म कर दिया कि इस साल भी आईपीएल के पूरे सीजन का आयोजन भारत में ही होगा।

यह दूसरा मौका है जब बीसीसीआई लोकसभा चुनावों के बीच आईपीएल के पूरे सीजन का आयोजन देश में ही करेगा। 2019 में इससे पहले बोर्ड ने ऐसे किया था। वहीं 2014 में आधा सीजन भारत में तो आधा सीजन यूएई में हुआ था और 2009 में यह लीग साउथ अफ्रीका में खेली गई थी।जय शाह ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, पूरा आईपीएल भारत में ही होगा। बीसीसीआई पूरे शेड्यूल पर काम कर रहा है और जल्द ही इसे सार्वजनिक करेगा।बता दें, लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे, जो 19 अप्रैल से शुरू होंगे और वोटों की गिनती 4 जून को होगी। बीसीसीआई को 2019 के आम चुनाव के दौरान भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा था लेकिन बोर्ड ने सफलतापूर्वक आईपीएल भारत में आयोजित किया गया था।आईपीएल 2024 के अभी तक 21 मैचों के ही शेड्यूल का ऐलान हुआ है।

## IPL 2024 के लिए भारत लौटे विराट कोहली, दो महीने तक इस वजह से थे लंदन में

नई दिल्ली.एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली भारत लौट आए हैं। वे करीब दो महीने तक लंदन में थे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ लंदन गए थे, क्योंकि उनकी पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा प्रेग्नेंट थीं। वे अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थीं। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ कॉम्प्लीकेशन्स हो गए थे, जिसके कारण उनको टेस्ट सीरीज छोड़कर अपनी पत्नी के साथ लंदन जाना पड़ा था। फरवरी के दूसरे सप्ताह में उनको बेटा हुआ। हालांकि, अब विराट कोहली अकेले भारत लौटे हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर यानी आरसीबी के लिए खेलने भारत लौट आए हैं। उनकी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिनमें विराट कोहली अकेले भारत लौटे हैं। पत्नी, बेटी और बेटा अभी भी शायद लंदन में ही या फिर किसी अन्य जगह पर हो सकते हैं।



विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भाग नहीं ले पाए थे। वे पहले दो मैचों के लिए टीम का हिस्सा थे, लेकिन सीरीज के पहले दो मैचों से उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था और अगले 3 मैचों के लिए वे उपलब्ध नहीं थे। हालांकि, विराट कोहली और आरसीबी के फैंस के लिए अच्छी खबर ये है कि वे आरसीबी के लिए पूरा सीजन आईपीएल खेलते नजर आएंगे। आरसीबी का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को है और विराट कोहली उसी की तैयारी के लिए जल्द बेंगलुरु पहुंचेंगे और वहां वे आरसीबी के कैंप में जुड़ेंगे। जल्द ही टीम अपने पहले मैच के लिए चेन्नई पहुंचेगी। आरसीबी की बात करें तो कभी भी टीम ने खिताब नहीं जीता है, लेकिन कप्तान फाफ डुप्लेसिस चाहेंगे कि इस बार आईपीएल का खिताब जीतकर सभी की बोलती बंद करने का काम किया जाए।

# बाबर आजम की टीम हुई PSL 2024 से बाहर, इन दो टीमों के बीच खेला जाएगा फाइनल

**इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पीएसएल 2024 के दूसरे एलिमिनेटर में पेशावर जाल्मी को 5 विकेट से रौंदते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताब जंग में उनका सामना मुल्तान सुल्तान से होगा।**



नई दिल्ली.एजेंसी

पेशावर जाल्मी और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच शनिवार 16 मार्च की शाम पीएसएल 2024 का दूसरा एलिमिनेटर मुकाबला खेला गया, इस मैच में इस्लामाबाद ने बाबर आजम की टीम को चित करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

इसी के साथ पाकिस्तान सुपर लीग 2024 की दोनों फाइनलिस्ट टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। 18 मार्च को पीएसएल 2024 का फाइनल मुकाबला मुल्तान सुल्तान और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेला जाना है। इन दोनों ही टीमों ने पेशावर जाल्मी को धूल चटाते हुए खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है।

बात पेशावर जाल्मी वर्सेस इस्लामाबाद यूनाइटेड एलिमिनेटर 2 की करें तो मैच के 40 में से 31 ओवर तक पेशावर जाल्मी ने मैच पर अपनी पकड़ बनाई हुई थी, मगर तब हैदर अली और इमाद वसीम के बीच ऐसी पार्टनरशिप हुई की पेशावर जाल्मी के परखच्चे उड़ गए। दोनों ने 98 रनों की धुआंधार साझेदारी कर पेशावर को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया।टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पेशावर जाल्मी की टीम ने सईम अयूब (73) के अर्धशतक की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 185 रन बोर्ड पर लगाए थे। कप्तान बाबर आजम (25) के साथ सईम की ओपनिंग पार्टनरशिप 72 रनों की हुई थी, वहीं इसके बाद मोहम्मद हारिस ने भी 40 रनों की पारी खेली थी।

186 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी इस्लामाबाद यूनाइटेड की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने पावरप्ले में 50 के स्कोर पर 4 विकेट खो दिए थे, वहीं 11वें ओवर तक 91 के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट गई थी।

उस समय तक मैच पर पूरी पकड़ पेशावर की थी।मगर इसके बाद इमाद वसीम (40 गेंदें 59 रन) ने हैदर अली (29 गेंदें 52 रन) के साथ मिलकर 98 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को 5 विकेट और 6 गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। हैदर अली ने इस दौरान जो पावर हिटिंग की उसने क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया।

# मोहम्मद कैफ का वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की पिच को लेकर बड़ा खुलासा, रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ को ठहराया हार का जिम्मेदार!

**मोहम्मद कैफ का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास वर्ल्ड कप में पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज थे जिस वजह से टीम इंडिया ने पिच को स्लो बनाया और यही गलती भारत पर भारी पड़ गई।**



नई दिल्ली.एजेंसी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की पिच को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ पर खिताबी मुकाबला हारने का ठीकरा फोड़ा है। कैफ का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास वर्ल्ड कप में पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज थे, जिस वजह से टीम इंडिया ने पिच को स्लो बनाया और यही गलती भारत पर भारी पड़ गई। बता दें, वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में भारतीय टीम रेड हॉट फॉर्म में चल रही थी। फाइनल से पहले टीम इंडिया ने सभी मुकाबले जीते थे, मगर खिताबी जंग में कंगारुओं ने उन्हें टूर्नामेंट की पहली और सबसे बड़ी हार का सामना करवाया।

मोहम्मद कैफ ने लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की पिच को लेकर कहा, मैं वहां तीन दिन था, हमने काफी सारे लाइव शो किए वहां से...रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ दोनों शाम को आए, पिच पर घूमा, कैसी पिच है...आधा घंटा वहां खड़े हैं, एक घंटा वहां खड़े हैं। एक दिन वहां हो गया। दूसरे दिन फिर आए घूम रहे हैं...वहीं अपडाउन कर रहे हैं...एक घंटा वहां बातचीत कर रहे हैं...कैसे क्या है..ये तीन दिन लगातार हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, मैंने पिच का रंग बदलते हुए देखा है...मैं ये जो नीला पहनकर आया हूं ना वो तीन दिन बाद पीला दिखेगा...ऐसा कलर चेंज होते हुए देखा है मैंने....कोई पानी नहीं, कोई घास नहीं...उनको धीमा पिच दो भाई...ये सच्ची बात है चाहे लोग ना मानें...मैं एक कमेंटेटर के रूप में बोल रहा हूं। कमिंस है..स्टार्क है उनके पास तेज गेंदबाजी है तो इनको ना स्लो पिच दो और वहां गलती हुई, 100 प्रतिशत।मोहम्मद कैफ ने इसी के साथ रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ पर आरोप लगाए कि उन्होंने होम एडवांटेज उठाने के चक्कर में पिच को इतना धीमा करवा दिया कि वो दांव भारत पर ही भारी पड़ गया। कैफ ने साथ ही यह भी कहा कि अगर भारत फ्लैट पिच पर खेलता तो 100 प्रतिशत मैच जीतता।पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, चाहे लोग कितना भी बोलें...क्यूरेटर अपना काम करता है...हम कुछ नहीं बोलते...बकवास है। जब आप वहां टहल रहे हो तो 100 प्रतिशत आप बात करते हो...यार घास कम कर दे...पानी कम डालना...दो लाइन ही तो बोलनी है। ये होता है, सच्ची बात है और करना भी चाहिए। घर में मैच खेल रहे हो, एडवांटेज लो। लेकिन मुझे लगता है कि एडवांटेज के चक्कर में वो ज्यादा कर गए और धीमा पिच मिला। अगर नॉर्मल पिच होती तो ...मोहम्मद शमी जो फॉर्म में थे...आप नाम लो ना...बुमराह, जडेजा, कुलदीप...भाई तूफानी गेंदबाजी। नॉर्मल फ्लैट विकेट पर खेलते 100 प्रतिशत भारत वो मैच जीतता। रन भी बनते और हम वो डिफेंड भी करते। हम विकेट पर डॉक्टरी के चक्कर में फंस गए।

